# 12वीं कला संकाय में पोरसा की श्रुति को मप्र में प्रथम स्थान

**कॉमर्स संकाय में मुरैना की श्रुति गर्ग को मिला प्रदेश में छटवां स्थान**



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल ने हाईस्कूल एवं हायरसेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे 15 अप्रैल को घोषित कर दिए है। 12 वीं कक्षा में कला संकाय में मुरैना जिले के पोरसा ब्लॉक की श्रुति तोमर ने 500 में से 489 अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं कॉमर्स संकाय में मुरैना शहर के व्यवसाई राजीव गर्ग की सुपुत्री श्रुति गर्ग ने 488 अंक हासिल कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में छटवां स्थान प्राप्त किया है। घोषित हुए परिणामों के अनुसार प्रदेशस्तरीय प्रावीण्य सूची में मुरैना जिले के कुल 14 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। जिनमें 11 छात्राएं और 3 छात्र शामिल है। हायरसेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में मुरैना जिले का परिणाम 53.17 प्रतिशत रहा है।

**सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन:** बुधवार को घोषित हुए 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं के नतीजों में जिले की शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययरत छात्र-छात्राओ ने बेहतर प्रदर्शन किया है।

वहीं दूसरी ओर अशासकीय विद्यालयों का प्रदर्शन कमजोर रहा है। 12 वीं के परिणामों में शासकीय विद्यालयों का परिणाम 68.38 प्रतिशत रहा, जबकि निजी स्कूलों के महज 48.94 प्रतिशत छात्र-छात्राएं ही सफलता हासिल कर पाए है। इसी प्रकार हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में शासकीय स्कूलों का रिजल्ट 57.53 प्रतिशत तथा अशासकीय विद्यालयों का परिणाम 52.05 प्रतिशत रहा है।

**हाईस्कूल परीक्षा में 15 हजार 98 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित:** हाईस्कूल परीक्षा-2026 में जिले में 27 हजार 922 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे। इनमें से 15 हजार 98 छात्र-छात्राएं ही सफलता हासिल कर सके है।

### 12वीं में 53.17 और 10वीं में 54.08 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण

घोषित हुए परिणामों के अनुसार मुरैना जिले में 12 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 53.17 प्रतिशत रहा है। वहीं 10वीं बोर्ड परीक्षा में 54.08 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए है। वर्ष 2025-26 में 12 वीं बोर्ड परीक्षा में जिले में कुल 22 हजार 762 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। जिनमें से 12 हजार 102 उत्तीर्ण घोषित किए गए है।

### हाईस्कूल की प्रदेश मैरिट में मुरैना की 3 छात्राएं, 8 छात्र

बुधवार को घोषित हुए 10 वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में मुरैना जिले के 8 छात्र एवं 3 छात्राओं ने प्रदेशस्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया है।

# हाईस्कूल-हासे बोर्ड में विक्टर स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**10वीं में 94.2 अंक पाकर सुमित प्रथम, 12वीं में अमेय पारनेरकर के 93.4 प्रतिशत**




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा 15 अप्रैल को घोषित किए गए हाईस्कूल एवं हायरसेकेंडरी के परीक्षा परिणामों में शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था विक्टर स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

10वीं के परिणामों में सुमित कुशवाह 94.20 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय के टॉपर रहे है। शैलेन्द्र गुर्जर 92.20 प्रतिशत दूसरे और शैली गुर्जर 91 प्रतिशत तीसरे स्थान पर रहीं है। सिमरन यादव-90.40 प्रतिशत और निक्की जाटव ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की टॉप-5 मैरिट में स्थान बनाया है।

### हासे परीक्षा में अमेय पारनेरकर को मिले 93.40 फीसदी अंक

बुधवार को घोषित हुए 12 वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजों में विक्टर स्कूल के अमेय पारनेरकर ने 93.40 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है। नित्या राजपूत-89.20 प्रतिशत दूसरे और भूमि राजपूत 89 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं है। रौनक सिकरवार-84.60 प्रतिशत और जिज्ञासा शिवहरे ने 84 प्रतिशत अंक हासिल कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। बोर्ड परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं के शानदार प्रदर्शन पर संस्था के प्राचार्य ने उन्हें शुभकामनाएं दीं है।

# प्रियांशी के हाई स्कूल में 90 प्रतिशत अंक, नगर का नाम रोशन किया



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 15अप्रैल।** हाई स्कूल परीक्षा मे प्रियांशी वर्मा ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ साथ सभी विषयों में डिस्टेंस लगी है समाज ओर नगर का नाम रोशन किया है. प्रियांशी वर्मा दिलीप वर्मा की पुत्री है यह शुरू से ही एक होनहार छात्रा रही है इन्हे पेंटिंग का काफी शौक है पेंटिंग में कई पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं प्रियांशी किडीज हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा है प्रियांशी की इस उपलब्धि पर उनके इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई दी

### नागरिक अपने कर्तव्य और मौलिक अधिकारों को पहचाने



**सबलगढ़.** शासकीय माध्यमिक विद्यालय गुलालई में आज न्यायाधीश रश्मि तिवारी द्वारा ग्रामीणों ओर छात्रों छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों को पहचाने सर्वप्रथम न्यायाधीश रश्मि तिवारी द्वारा मां सरस्वती जी का पूजन कर चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मौजूद ग्राम वासियों ओर छात्र छात्राओ को संविधान के बारे में विस्तार से बताया इस अवसर पर सरपंच कृष्णा तिवारी संकुल प्राचार्य बालकृष्ण अवस्थी शिक्षक हरिओम मरैया शिक्षक देवेंद्र शर्मा कमलेश शर्मा नरेश शर्मा एवं विद्यालय परिवार उपस्थिति रहा।

# हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में उमावि झुंडपुरा का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/कैलारस, 15 अप्रैल।** क्षेत्र के विद्यार्थियों ने इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अलकेश रावत ने प्रथम, ओम शर्मा ने द्वितीय, अभय बुधौलिया ने तृतीय, अनुराग शर्मा ने चर्तुथ तथा नैतिक सोनी ने पांचवा स्थान प्राप्त किया है।

कन्या हाईस्कूल में मोनिका कुशवाह-प्रथम, दीप्ति रावत-द्वितीय, अर्पणा रावत-तृतीय, उपासना रावत-तृतीय स्थान प्राप्त किया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं नियमित अध्ययन को दिया है। छात्र अभय बुधौलिया, अलकेश रावत ने बताया कि उन्होंने समय का सही प्रबंधन करते हुए निरंतर मेहनत की, जिसके परिणामस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई। विद्यालय के प्राचार्य लोकेन्द्रसिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य लोकेन्द्रसिंह, दिलीप शर्मा, सुबराती खान, शैलेन्द्र सिंह, दीपेन्द्र पाराशर, नरेंद्र शाक्य, सतेन्द्र सोनी, अविनाश कुलश्रेष्ठ, धर्मेन्द्र मीणा, रामप्रकाश शाक्य, भोलेराम मांझी, शिवराज मीणा, श्यामसुंदर श्रीवास, वेदप्रकाश शर्मा, रवि धाकड़, बनवारीलाल, सुरेन्द्र कुमार, रामनरेश शर्मा, विनोद सविता सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मिशन परिवार विकास पखवाड़ा 11 से 25 अप्रैल तक चलेगा

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 अप्रैल।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मुरैना जिले में मिशन परिवार विकास पखवाड़ा का आयोजन 11 से 25 अप्रैल 2026 तक किया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान योग्य दंपत्तियों को परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के प्रति जागरूक कर उन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने बताया कि आशा, एएनएम एवं अन्य मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर परिवार नियोजन के महत्व की जानकारी देंगे। विशेष रूप से पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के साथ इच्छुक हितग्राहियों की नसबंदी कराई जाएगी। बच्चों के बीच उचित अंतराल बनाए रखने हेतु अंतरा इंजेक्शन, ओरल पिल्स एवं छाया जैसे अस्थायी साधनों के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। जिला परिवार नियोजन अधिकारी डॉ. एसके कारखुर ने बताया कि हितग्राहियों को विवाह के बाद दो वर्ष तक संतान में अंतर रखने, दो बच्चों के बीच उचित अंतराल बनाए रखने तथा दूसरे संस्थागत प्रसव के बाद स्थायी साधन के रूप में नसबंदी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में निर्धारित दिवसों पर नसबंदी शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# वनरक्षक हरिकेश को मिले शहीद का दर्जा, 1 करोड़ का मुआवजा

**मांगों को लेकर वनविभाग के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन**



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 अप्रैल।** रेत के अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान ट्रेक्टर-ट्रॉली से वनरक्षक हरिकेश गुर्जर की हत्या किए जाने की घटना के विरोध में मप्र वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ के बैनर तले वनविभाग के कर्मचारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मृत वनरक्षक हरिकेश गुर्जर को शहीद का दर्जा किए जाने और उसके परिवारीजनों को 1 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता राशि दिए जाने की मांग की गई है।

सौंपे गए ज्ञापन में वनकर्मियों ने स्व. हरिकेश को शहीद का दर्जा दिए जाने के साथ ही रेत के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के विरुद्ध संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तार करने, वाहनों को राजसात किए जाने की मांगें की गई है। ज्ञापन में मैदानी स्तर पर कार्यरत वन विभाग के कर्मचारियों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्रों का उपयोग किए जाने का अधिकार और न्यायिक संरक्षण दिए जाने की मांगें भी की है। ज्ञापन सौंपने वालों में रेंजर आरएल भारती, वीरकुमार तिर्की, रेंजर हिना खान, श्रीमती श्वेता त्रिपाठी सहित समस्त डिप्टी रेंजर्स, वनपाल, वनरक्षकों के साथ सभी गेम रेंज के कर्मचारी शामिल थे। ज्ञापन संगठन के जिलाध्यक्ष रवि सिंह तोमर के नेतृत्व में सौंपा गया।

# गैर पंजीकृत वाहनों को पेट्रोल-डीजल और सीएनजी नहीं मिलेगी

**कलेक्टर के आदेश, संपूर्ण मुरैना जिले में 15 अप्रैल से 14 जून तक रहेंगे प्रभावशील**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 अप्रैल।** मुरैना जिले के अंतर्गत पेट्रोल पम्पों द्वारा बिना पंजीयन क्रमांक के वाहनों कार, मोटर साईकल, ट्रैक्टर, डम्फर आदि वाहनों को पेट्रोल, डीजल व सीएनजी प्रदाय की जा रही है। जिससे कई बार दुर्घटना होने पर वाहन की पहचान किया जाना संभव नहीं हो पाता है। वाहन बिना नंबर प्लेट के होने के कारण उन्हें चिन्हित करने में भी कठिनाई होती है।

इन बातों के मद्देनजर प्रभारी कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी व जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने सम्पूर्ण मुरैना क्षेत्रांतर्गत बिना पंजीयन क्रमांक के वाहनों को पेट्रोल, डीजल व सीएनजी गैस दिए जाने को पूर्णत: प्रतिबंधित किया है। यह आदेश 15 अप्रैल से 14 जून 2026 तक प्रभावशील रहेगा। उन्होंने बताया कि परिस्थितियों के निवारणार्थ एवं उपचारार्थ तत्काल रूप से प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया है। आदेश के उल्लंघन करते पाये जाने पर संबंधित पर भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 व अन्य प्रासंगिक धाराओं के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाई की जा सकेगी। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी, समस्त थाना प्रभारी समस्त अनुविभागीय अधिकारी वन, समस्त वन क्षेत्रपाल अधिकारी एवं जिला खनिज अधिकारी को अधिकृत किया गया है।

# दवा उद्योग के लिए नई गाइडलाईन बनाए सरकार

**कीमतों पर नियंत्रण सहित अन्य मांगों को लेकर दवा प्रतिनिधियों ने दिया ज्ञापन**



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 अप्रैल।** दवाओं के कारोबार में निर्माता से लेकर रिटेलर तक की मनमानी, दवाओं की कीमतों में हो रहे इजाफे पर अंकुश लगाने सहित अन्य मांगों को लेकर मप्र मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव्स संघ की जिला इकाई की ओर से 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।

इस ज्ञापन में कहा गया है कि मप्र में दवा कंपनियों की मनमानी चल रही है। दवाओं का निर्माण, कीमत, परिवहन, भंडारण निर्धारित मापदंडों के अनुसार नहीं हो रहा है, जिसका दुष्प्रभाव आमजन को झेलना पड़ रहा है। ज्ञापन में सरकार से दवा उद्योग के लिए नई गाइडलाईन बनाकर देशी-विदेशी कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र गांगिल, मनोज शर्मा, गिर्राज मांडिल, कमल राठौर, शेखर शिवहरे, सुनील प्रजापति, कृष्ण श्रीवास, राजू प्रजापति, अंकुश शर्मा, आशीष शर्मा आदि शामिल थे।

### ज्ञापन में इन 10 मांगों को किया गया है शामिल

जेनरिक दवाओं की एमआरपी कम रखी जाए। जेनरिक दवाओं के बॉक्स एवं स्ट्रिप पर हिंदी-अंग्रेजी में जेनरिक दवा अंकित किया जाए। स्ट्रिप पर क्यूआर प्रिंट हो। दवा निर्माता, थोक एवं रिटेल विक्रेताओं का मार्जिन फिक्स किया जाए। दवाओं की कीमतों पर सरकार का नियंत्रण हो, एमआरपी सरकार निर्धारित करे। एक ही कंपनी की जेनरिक और इथिकल दवाओं के नाम अलग हों। दवा की गुणवत्ता जांचने आधुनिक लैब बनाई जाएं, प्रत्येक 6 महीने में निर्माण इकाई का निरीक्षण हो।

# सामाजिक सौहार्द के जनक थे डॉ. अंबेडकर : मित्तल



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 15 अप्रैल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर मंगलवार को कस्बा जौरा में सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम बस स्टैंड प्रांगण में हुआ। इस मौके पर नगर में भव्य चल समारोह भी निकाला गया।

कार्यक्रम में बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें नमन किया। जिसके बाद वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मप्र अग्रवाल महासभा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजन समिति के सदस्यों ने मित्तल का पुष्पहार एवं साफा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर श्री मित्तल ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक तानेबाने को मजबूत करने वाले संविधान को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। वे सामाजिक सौहार्द के जनक के रूप में पहचाने जाते है। यहां बताना जरूरी होगा कि नगरपालिका जौरा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमति शारदा कैलाश मित्तल के अध्यक्षीय कार्यकाल में 17 फरवरी 2007 को जौरा में डॉ. भीमराव अम्बेडकर बस स्टैंड का निर्माण हुआ था। तत्समय केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, तत्कालीन केन्द्रीय गृह मंत्री सहित तमाम वरिष्ठ राजनेताओं की मौजूदगी में बस स्टैंड का लोकापर्ण किया गया था।

### ओपन रोलर स्केटिंग में नन्ही आद्या ने फिर मारी बाजी, दूसरी साल भी प्रथम रहीं




**शिवपुरी।** जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रतिष्ठित उर्मी दीवान मेमोरियल ओपन रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में सेंट चार्ल्स स्कूल की 6 वर्षीय छात्रा आद्या शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। खास बात यह रही कि आद्या ने गत वर्ष भी इसी प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया था। इस तरह उसने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया। यह प्रतियोगिता गत रोज श्रीमंत राजमाता विजयराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज, शिवपुरी परिसर में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। नन्हीं प्रतिभागी आद्या शर्मा ने बेहतरीन संतुलन, आत्मविश्वास और स्केटिंग कौशल के दम पर निर्णायकों को प्रभावित करते हुए शीर्ष स्थान अपने नाम किया। आद्या की इस उपलब्धि से परिजनों, विद्यालय परिवार और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

## सट्टा खिलवाते युवक पकड़ा

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एंव नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में कोतवाली टीआई रोहित दुबे व्दारा टीम गठित की गयी और सूचना मिली कि एक व्यक्ति पुरानी अनाज मण्डी के पास सट्टा खिलवा रहा है सूचना की तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु फोर्स को पुरानी अनाज मण्डी तरफ रवाना किया गया जहाँ एक व्यक्ति खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे फोर्स व्दारा घेरकर पकडा तो वह शिवम गर्ग पुत्र विष्णू गर्ग उम्र 36 साल नि.नमोनगर शिवपुरी का होना बताया आरोपी की तलाश ली गयी तो उसके कब्जे से चार सट्टा अंक पर्ची, एक पेन व 950 रु. नगद जप्त हुये आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया बाद आरोपी के विरुध्द अप.क्र. 273/26 धारा 4 सट्टा अधिनियम का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया कोतवाली पुलिस व्दारा इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस कार्यवाही में थाना कोतवाली प्रभारी रोहित दुबे, प्र.आर. अवतार सिंह, प्र.आर. जितेन्द्र रायपुरिया. आर. महेन्द्र तोमर की विशेष भूमिका रही।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, बेटा,पुत्रवधु जख्मी

**एनएच-44 हाईवे पर अंबाह बायपास चौराहे के निकट डंपर ने मारी टक्कर**



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 अप्रैल।** बुधवार की दोपहर एनएच-44 पर अंबाह बायपास चौराहे के नजदीक एक बेकाबू डंपर ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाईकिल पर सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा उसका बेटा और चचेरी पुत्रवधु जख्मी हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाईन थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरौदा निवासी मीरा जाटव 40 पत्नी रामस्वरूप जाटव अपनी चचेरी पुत्रवधु प्रीति जाटव 26 पत्नी विनोद जाटव के साथ घर से खरीददारी करने के लिए अपने पुत्र भोला जाटव 18 पुत्र रामस्वरूप जाटव के साथ मोटरसाईकिल पर सवार होकर मुरैना जा रही थी। जब उनकी मोटरसाईकिल सिविल एनएच-44 हाईवे पर अंबाह बायपास चौराके के पास से गुजर रही थी। तभी एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में मीरा सहित प्रीति और भोला गंभीर रूप से जख्मी हो गए। तीनों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मीरा जाटव को मृत घोषित कर दिया। जबकि जख्मी भोला और प्रीति जाटव को इलाज के लिए भर्ती किया गया है। खबर लिखे जाने तक सिविल लाईन थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी। मृतिका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### संत श्री शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती मनाई गई

**शिवपुरी।** सेन समाज आराध्या संत श्री शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी धूमधाम एवं उत्साह के साथ मंगलवार को नारायणी माता मंदिर पर सेन समाज द्वारा धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान समाज बंधुओं ने संत श्री शिरोमणि सेन जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भजन, आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज सुधार के साथ- साथ सामाजिक कार्यों में महिलाओं की बराबर की भागीदारी को बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम संचालक विकसित सेन तरूण भैया ने बताया कि सेन समाज शिवपुरी द्वारा आराध्य संत श्री शिरोमणि सेन जी महाराज कि जयंती नारायणी माता मंदिर नाई कि बगिया में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में धनीराम सैन उर्फ धन्नू मामा, सुरेश मड़ीखेड़ा वाले, सीताराम सेन रान्नौद वाले, मातादीन सेन मास्टर, शिवदयाल सेन, नारायण सेन नानक बड़ा कुंआ, अशोक सेन, सहित समस्त समाज सैन के लोग उपस्थित रहे।




## समाजसेवी संस्था भाविप शाखा के शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ

**शिवपुरी।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आमजन की सेवा के लिए बढ़ती गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शीतल पेयजल उपलब्ध है इसे लेकर समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के नवीन अध्यक्ष गणेश धाकड़ के द्वारा अपनी टीम के साथ मिलकर स्थानीय माधवचौक पर पयाऊ को स्थापित किया और सभी साथियों के द्वारा शुभारंभ भी किया गया।

समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद, शाखा शिवपुरी द्वारा सामाजिक सेवा के अंतर्गत हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माधव चौक पर शीतल जल (ठंडा आर.ओ. वाटर) प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष गणेश धाकड़, सचिव अमित सहगल एवं कोषाध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला समन्वयक विपिन शर्मा, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओझा, विजय अरोरा, एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा, तरुण अग्रवाल, हरिशरण गुप्ता, पुनीत गोयल, उमेश मित्तल, मनोज अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## आम सूचना

श्री मनीष गौड़ पुत्र श्री रामनाथ गौड़ के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित भज्जु डंडौतिया की गली, ग्राम बडोखर, (आनंद नगर एवं गोटेनकर), तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.25 (उत्तमपुरा वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.26/84 ग्राम बड़ोखर भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 480 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भूखण्ड रामाखत्यार, पश्चिम में-रास्ता 15 फुट चौड़ा, उत्तर में-भवन राजकिशोर फौजी एवं दक्षिण में-भवन मनोज है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री शिवदयाल सिंह, श्री रामनारायण, श्री महेश यादव द्वारा श्री मनकुशी पुत्र श्री भोपाराम उर्फ भूपाराम को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.4619 दिनांक 31.03.2014 से विक्रय की गई। श्री मनकुशी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री शिवनारायण को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25792016ए1063575 दिनांक 06.02.2016 से विक्रय की गई। श्री महेन्द्र सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री गब्बर सिंह पुत्र श्री रामहेत सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 25792020ए 1246040 दिनांक 01.06.2020 से विक्रय की गई। श्री गब्बर सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री महेश गौड़ पुत्र श्री रामहेत गौड़ को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी27आईजीआर17912025ए101001273 दिनांक 06.12.2025 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 31.03.2014 की मूलप्रति गुम हो गई है। श्री मनीष गौड़ द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान शुभम हाउसिंग डवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, बैंक अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 31.03.2014 की मूलप्रति प्राप्त हो तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**काया भवन क्र.52, कैलाश विहार,**
**फेडरल बैंक के पास, सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**